Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-03-2006
Participants : Khanduri AVSM,Maj.G Bhuwan Chandra

an>

Title : Need to extend Canteen Stores Department (C.S.D) facilities to the retired personnel of Assam Rifles and Para-military forces at par with those of the Defence Forces.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूड़ी (गढ़वाल) : अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि देश में बहुत बड़ी संख्या में सैनिक और अर्ध-सैनिक बल असम राइफल्स में सेवारत हैं और उससे सेवा-निवृत हैं। उनकी मांग रही है कि जिस प्रकार सेना को सीएसडी की सुविधा मिलती है, उन्हें भी वह सुविधा दी जाए। इस विाय को लम्बे समय से मैं उठाता रहा हूं। माननीय गृह मंत्री जी ने आश्वासन दिया था और एक पत्र के माध्यम से बताया था कि इस पर विभागीय कार्यवाही विचाराधीन है। अध्यक्ष जी, जब सेना को कैंटीन की सुविधा मिलती है, अच्छी बात है लेकिन असम-रायफल्स और अर्ध-सैनिक बल भी तो उसी प्रकार से काम कर रहे हैं। वे इंटरनल सिक्योरिटी में भी काम करते हैं और काफी कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। उनकी मांग रही है कि उनको भी कैंटीन फैसिलिटी दी जाए। मेरा सरकार से निवेदन है कि इस विाय पर शीघ्र निर्णय लेकर पैरा-मिलिट्री-फोर्सेज, असम-रायफल्स के सेवा निवृत और सेवारत, दोनों सैनिको को यह सुविधा देने की कृपा करेंगे।